आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 22 जून, 2023
www.azadsipahi.in


## जयनगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ककरचोली पंचायत अंतर्गत ग्राम तरवन में 9 वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिला आयुष के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख अंजू देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुणा कुमारी, अंचल अधिकारी ओमप्रकाश बडाईक, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार, जिप सदस्य केदारनाथ यादव सहित कई लोगों ने किया। योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुणा कुमारी ने कहा कि आज के समय मे योग, आसन, प्राणायाम आवश्यक है। प्रमुख अंजू देवी ने कहा कि योग तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है और आपको आराम से रहने में मदद करता है। अंचल अधिकारी ओमप्रकाश बडाइक ने कहा कि योग से मांसपेशियों के लचीलेपन में सुधार शरीर के आसन और एलाइनमेंट को ठीक करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संदीप कुमार और संचालन सुनील कुमार यादव ने किया। योग कार्यक्रम को संपन्न कराने में योग प्रभारी कैलाश लाल बर्णवाल, कृति सुमन, दामोदर साव ने अहम भूमिका निभायी। मौके पर मुखिया राजकुमार यादव, कौशर खान, पंचायत समिति सदस्य मिसवा उद्दीन, उप मुखिया हासीम खान, भागीरथ साव, धीरज पांडेय, देवेंद्र कुमार, शशि गुप्ता भी मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कराया गया





**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दामोदर घाटी निगम, ताप विद्युत केंद्र के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महायोग कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा योग को बढ़ावा देने के लिए जारी योग बुकलेट का वितरण किया। वहीं पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक चंद्रलता और कंचनलता बर्णवाल ने महिला और बच्चों को योगाभ्यास करवाया और नियमित योग अभ्यास के लाभ के बारे में जानकारी दिया। पुरुषों को तरुण ने योगाभ्यास करवाया और स्वस्थ जीवन से संबंधित कई जानकारियां साझा किया। मौके पर महाप्रबंधक रामप्रवेश शाह, उप महाप्रबंधक रविंद्र कुमार, विनोद कुमार राय, एस के व्यास, जैनेंद्र कुमार, दीपक कुमार, रवि शंकर कुमार, आशीष कुमार, नरेश कुमार साव, सुनील कुमार सिन्हा, नीरज राय, दिनेश कुमार सिंह, मंतोष राज, मुकेश कुमार, पवन कुमार, सुधीर कुमार, डेनियल, संदीप, विजय राणा, देवेंद्र प्रसाद, अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी, सीआइएसएफ के जवान होमगार्ड, महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया।

## स्कूल में योग महोत्सव का आयोजन





**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नवोदय स्कूल और सीएच स्कूल मैदान में पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में योग महोत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर नवोदय में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और सीएच स्कूल में विधायक डॉ नीरा यादव उपस्थित थी। योगाभ्यास कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि समेत अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद ओम के उच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। संचालन महिला पतंजलि प्रभारी कलावती देवी, संगठन मंत्री चंद्र लता बरनवाल ने किया। इंडियन डिफेंस एकेडमी के 15 प्रशिक्षु छात्रा और 60 प्रशिक्षु छात्र भी योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर इंडियन डिफेंस एकेडमी के ट्रेनर प्रशांत तिवारी, सुभाष यादव और सोनू यादव उपस्थित थे कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि योग से काफी लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है। योग को हमें अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए जिससे भविष्य में हमें स्वास्थ्य से संबंधित कठिन परेशानियों का सामना ना करना पड़े। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया को विधायक ने दुपट्टा ओढ़ा कर सम्मानित किया।

## झुमरीतिलैया में योग शिविर लगाया गया



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वावधान में बुधवार को ब्लॉक मैदान झुमरीतिलैया में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ जेपीएन वर्णवाल ,भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मोदी, डॉ उपेंद्र भदानी, शिविर के संरक्षक सुभाष बरनवाल, सेवा निवृत्त शिक्षक नारायण सिंह, डॉक्टर नीरज शाह, नीलम शाहबादी, माहुरी समाज के अध्यक्ष सतीश भदानी, महिला मंडल की सरोजिनी देवी, मोदी बरनवाल महिला समिति की संरक्षक गायत्री देवी, अहिवरण वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी, योगी सुषमा सुमन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता ने कहा कि योग का मतलब ही होता है एक दूसरे को जोड़ना।

## सतगावां प्रखंड में मना योग दिवस

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में 9 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रखंड मुख्यालय सहित कई निजी और सरकारी संस्थाओ पर योग कार्यक्रम किया गया। इस साल योग दिवस की थीम वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर रखी गयी है। प्रशिक्षक शरद अग्रवाल ने योगाभ्यास करवाया और योग अभ्यास के लाभ के बारे में जानकारी दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव ने योग अभ्यास के बाद कहा कि योग हम सभी को करना चाहिए। योग से शारीरिक तनाव को दूर करता है, मन को शांत करता है। योग में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी सत्यनारायण भकत, डाक्टर आशीष कुमार, विकास कुमार, राजेश्वर ठाकुर, बिपुल कुमार, विक्रम कुमार, शांतोष गुप्ता, गुड्डू चौधरी, आशीष कुमार, पप्पू कुमार, रेखा कुमारी, बब्लू कुमार, शंकर कुमार, आलोक कुमार, अमित कुमार उपस्थित थे।

## उच्च विद्यालय मधवाटांड में योग कार्यक्रम आयोजित



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य पुनीत यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। योग शिक्षक मुकेश राणा ने प्राणायाम मुद्रा और सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करवाया। सभी बच्चों के साथ साथ शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी योग किया। कार्यक्रम को उप प्राचार्य अर्जुन चंद्र यादव, रविंद्र कुमार रवि और विद्यालय के कोऑर्डिनेटर महेंद्र कुमार ने भी संबोधित किया। मौके पर वरिष्ठ शिक्षक महेंद्र कुमार पांडेय, कामेश्वर पांडेय, सीताराम यादव, एनसीसी केयरटेकर रंजीत कुमार यादव, नरेश सिंह, सनोज कुमार, दीपक कुमार, संतोष कुमार, फुलंगी चंद्र यादव, शमशेर आलम, पंकज कुमार साव, सुनीता देवी, रिंकी देवी, शाहिद हुसैन, पप्पू रजक, शरीफ अंसारी, जन्नत प्रवीण, पम्मी कुमारी सहित कई शिक्षक व कर्मचारी मौजूद थे।

### जिले के सभी प्रखंड कार्यालयों में आयोजित किया गया योगाभ्यास

# शरीर की आंतरिक ऊर्जा है योग : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** देशभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। आज योग सिर्फ कसरत ही नहीं, बल्कि एक ऊर्जा के रूप में भी काम करता है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की समस्त जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक और और मानसिक सेहत के लिए फायदेमंद है। सेहत के साथ ही शांत मन और प्रबल विचारों के लिए एकाग्रता का होना जरूरी है जो योग से ही संभव है। विश्व योग दिवस भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। योग का अभ्यास हमें शारीरिक और मानसिक रूप से फायदा पहुंचाता है, इसे लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए ही हर साल 21 जून को अलग-अलग स्तर पर योग के महत्व को बताने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हजारीबाग के सभी प्रखंडों के प्रखंड मुख्यालय और पुलिस कार्यालयों में योग शिविर का आयोजन किया गया।

### गौशाला में सिदो- कान्हू विद्यापीठ और छात्रावास की रखी गयी आधारशिला

# पाहन ने करायी पूजा, ट्रस्ट के लोगों ने धोये पाहनों के चरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** 136 साल से गौ सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी और सिदो- कान्हू सेवा संस्थान द्वारा सीतागढ़ा गौशाला में सीपीएस सिदो- कान्हूं विद्यापीठ एवं छात्रावास की आधारशिला बुधवार को रखी गयी। आधारशिला सह शिलान्यास समारोह में महामंडलेश्वर सुखदेव दास, निमोर्ही अखाड़ा, आरएसएस के सह कार्यवाह रामदत्त चक्रधर , पिंजरापोल सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश सरावगी सहित अन्य ने रखी। समारोह में सिख समाज के अवतार सिंह, जैन समाज के अलावा हिंदू समाज से जुड़े विभिन्न चार दर्जन जाति समूह के अध्यक्ष व प्रमुख भी शामिल हुए। जनजाति समाज के पाहनों ने आधारशिला संपन्न कराया। समारोह को संबोधित करते हुए आरएसएस के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने कहा कि योग दिवस पर ऐसे शुभ कार्यों का होना अपने आप में शुभ है। विद्यापीठ का नाम ऐसे महान पुरुष जिनके पूरे परिवार ने बलिदान दिया यह झारखंड के इतिहास में याद किया जायेगा। कहा कि विद्यापीठ की जवाबदेही होगी की यहां पर बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार मिले। शिलान्यास समारोह में गौशाला पिंजरापोल के सचिव श्रद्धानंद सिंह ने विषय प्रवेश कराया। संचालन संजय श्रीवास्तव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता शिव सेवक सिंह ने किया। समारोह में आरएसएस के महावीर बजाज, प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा, क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद, अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन, राजीव बिट्टू, संजय कुमार, सच्चिदानंद अग्रवाल, केशव हाडोदिया, भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा दीपक प्रकाश , राज्य सभा सांसद आदित्य साहु, सांसद जयन्त सिन्हा, विधायक मनीष जयसवाल,जेपी पटेल,पूर्व विधायक मनोज यादव, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, गुरुदार समिति के प्रमुख अवतार सिंह, सुनील जैन, मनोज गोयल, पीकू यादव, सरना समिति अध्यक्ष महेंद्र बेक, महेश तिग्गा, गंगाधर दूबे, पूर्व सांसद यदूनाथ पांडेय, बृजभूषण केशरी, अरविंद राणा, भोला राणा, किशोरी सिन्हा, हेमलता मिश्रा, डॉ संतोष पाण्डेय, ओमप्रकाश गुप्ता, सीपी जैन, हर्ष अजमेरा, अश्वनी केशरी, अभिषेक कुमार, हीरा राम, सुरेश तिग्गा सहित अन्य उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पदमा।** पदमा थाना अंतर्गत एनएच 33 हजारीबाग बरही सड़क स्थित इटखोरी मोड़ के समीप बुधवार लगभग साढ़े बारह बजे सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजेन्द्र मेहता उर्फ छोटी मेहता उम्र 21 वर्ष पिता नागेश्वर मेहता ग्राम सोकी थाना मयूरहंड जिला चतरा निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक राजेन्द्र अपने साथी के साथ बरही की ओर जा रहा था इसी बीच तेज गति से आ रही ट्रेलर संख्या एच आर 38 यू 5410 हजारीबाग से बरही की ओर जाने के दौरान खड़ी बाइक को पीछे टक्कर मार दी। इस टक्कर में राजेंद्र की मौत घटना स्थल पर हो गई वही ट्रेलर मेटल बीम ट्रैक बेरियर से टकराते हुए सड़क पर पलट गई। ट्रेलर चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। इधर घटना की जानकारी पाते के साथ पदमा सीओ मोजाहिद अंसारी पदमा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह, रामकी कम्पनी के स्टाफ अजय और गौतम के साथ पूरी टीम पहुंची और दुर्घटना वाली सड़क को बेरिकेटिंग कर दिया। इधर उग्र हुए ग्रामीणों ने इटखोरी मोड़ पर स्पीड ब्रेकर की मांग के साथ मृतक परिवार को मुआवजे के तौर पर 15 लाख की मांग पर अड़े रहे। पदमा सीओ ने एनएचआई की अधिकारी से बात कर इटखोरी मोड़ पर स्पीड ब्रेकर जल्द लगवाने और सड़क दुर्घटना में सरकारी प्रवधान के अनुसार मृतक परिवार को मिलने वाली मुआवजा को जल्द से जल्द दिलाने का आश्वासन दिया। सीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीणो ने शव को उठाने दिया। इस बीच हजारीबाग से बरही जाने वाली सड़क लगभग डेढ़ घण्टे तक एक लाइन बन्द रही। पुलिस ने शव को पोस्टमार्डम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इधर मृतक के माता पिता के परिजन जब घटना स्थल पहुंचे और मृत पड़ा पुत्र को देखा तो उनकी रोने की चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। राजेन्द्र तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

## पोस्को एक्ट के आरोपी को भेजा गया जेल

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव थाना कांड संख्या 234/ 22 दिनांक 14/ 9/22 धारा 376, 506 भादवी और 4 पोस्को एक्ट के नामजद अभियुक्त मुकेश कुमार भारती उर्फ मुकेश कुमार मेहता पिता रामचंद्र महतो ग्राम सोनबरसा को जेल भेजा गया। इस संबंध में थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की ने बताया कि उक्त नामजद अभियुक्त पर नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार करने को लेकर नामजद अभियुक्त बनाते हुए मामला दर्ज की गयी थी जिसके आलोक में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।**

### डेमोटांड पहुंचे भाजपा के झारखंड संगठन प्रभारी, वरिष्ठ जनों संग की मुलाकात

# विधायक मनीष जायसवाल के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** भाजपा झारखंड प्रदेश के संगठन प्रभारी सह राज्यसभा के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेई बुधवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड स्थित मोरांगी पंचायत के डेमोटांड़ पहुंचे। यहां विधायक निधि के बनें सामुदायिक भवन सभागार में उनका हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया । तत्पश्चात भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने यहां पंचायत और आसपास के प्रबुद्ध व वरिष्ठ जनों के साथ मिलकर भाजपा सरकार पीएम मोदी के कार्यकाल के 9 वर्षों के कार्यों एवं भाजपा सरकार के सुशासन से अवगत कराते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक इसे पहुंचाने और भाजपा का समर्थन करने का आग्रह भी किया।

मौके पर विशेष रुप से लक्ष्मीकांत वाजपेई के साथ मांडू विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय और भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहें । यहां से वे हजारीबाग गौशाला परिसर पहुंचे जहां सीपीएस सिदो- कान्हू विद्यापीठ और छात्रावास शिलान्यास समारोह के पश्चात संचालकों से मिलकर शुभकामनाएं दी। भाजपा के झारखंड प्रदेश संगठन प्रभारी सह राज्यसभा के सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेई ने ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने हेतु इस पहल की स्वतंत्र कंठ से खूब सराहना भी की।

# हेंदेगीर में दो अवैध आरा मशीन को उखाड़ा गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव वन प्रक्षेत्र अंतर्गत केरेडारी प्रखंड के हेंदेगीर गांव में अवैध रूप से संचालित आरा मशीन को लेकर सहायक वन संरक्षक एके परमार एवं बड़कागांव प्रभारी वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस के सहयोग से छापेमारी की गयी। जिसमें दो आरा मशीन को जेसीबी मशीन लगाकर कबाड़ दिया गया वही घर को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान वन विभाग ने भारी मात्रा में सखुआ साल गमहार जैसी कीमती लकड़ी बरामद किया । जिसकी लागत लगभग 10 लाख बतायी जा रही है। वहीं घटनास्थल से आरा मशीन में प्रयोग में आने वाले दो डीजल पंप सेट के अलावा कई सामग्रियां जप्त की गयी। सभी कीमती लकड़ियां 5 ट्रेक्टर एवं दो कैंपर में लोडकर बड़कागांव वन क्षेत्र कार्यालय लाया गया। उक्त मामले को लेकर सहायक वन संरक्षक एके परमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है संजय सिंह एवं दिलीप जायसवाल ग्राम हेंदगीर के निवासी के द्वारा अवैध रूप से आरा मशीन संचालित था। इसके पूर्व 4 दिन पूर्व बड़कागांव के नापो खुर्द में भी करवाई की गयी थी जिसमें 5 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 5 आरा मशीन को कबाड़ा गया था और लाखों रुपया के कीमती लकड़ियां जप्त गई थी। जो भी व्यक्ति अवैध रूप से अवैध कार्य में सम्मिलित होंगे उन्हें किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जायेगा निश्चित तौर पर कार्रवाई की जायेगी।

छापेमारी में मुख्य रूप से सहायक वन संरक्षक एके परमार प्रभारी, वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह, वनपाल रामचंद्र प्रसाद, सदर वनपाल प्रभारी अमर आनंद सरस्वती, ओम प्रकाश वनरक्षी भोला साहू, मनोरंजन कुमार, केशव कुमार, संतु कुमार के अलावा केरेडारी थाना के सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे ।

## कैंपियन बेसिक एकेडेमी में योग दिवस मना



**इचाक (आजाद सिपाही)।** मानव विकास द्वारा संचालित कैंपियन बेसिक एकेडमी में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के सचिव बीरबल प्रसाद ने योग दिवस के बारे में बहुत सारी जानकारी दी। साथ ही योगा के कई लाभ बताएं तथा सभी बच्चों को रोज 1 घंटे योग करने का परामर्श दिए। विद्यालय प्रबंधक गणेश शंकर मदन तथा प्राचार्या सुरभि वर्मा ने भी योगा के विषय में कई सारी जानकारियां दी। योग प्रशिक्षक प्रमोद कुमार और विद्यालय शिक्षक दीपू कुमार ने बच्चों को 1 घंटे का योग प्रशिक्षण दिया। विद्यालय के योगा प्रशिक्षक सुजीत कुमार, सूर्याक कुमार ने योगा का प्रशिक्षण दिया। इस योगा कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं का सरहनीय योगदान रहा।

## इंटर महाविद्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** पतंजलि योगपीठ के प्रखंड स्तरीय समिति इचाक के सौजन्य से जीएम इंटर महाविद्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जीएम महाविद्यालय के सचिव विनय कुमार ने कहा कि योग वह औषधि है जो ब्रह्मांड की किसी भी बीमारी को ठीक करने की शक्ति रखती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि योग वास्तव में मानव मन और आत्मा की अनंत संभावनाओं को प्रकट करने के इस गहन विज्ञान का सतही पहलू है, यह हमें सिखाता है कि कैसे हम अपनी सांसो पर नियंत्रण पा कर अपने शरीर में चमत्कार कर सकते हैं। पतंजलि योगपीठ भारत स्वाभिमान प्रखंड प्रभारी डॉ प्रमोद कुमार तथा डॉ कौशल कुमार ने सभी को योग करें और निरोग रहे का पाट सिखाते हुए योग प्रणाम करवाया। कार्यक्रम में आदर्श युवा संगठन के अध्यक्ष गौतम कुमार, मनोज कुमार, मुकेश उर्फ गोविंदा, सुमित सागर, महेश, रवि सिंह ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार, शिक्षक रत्नेश कुमार राणा, अजीत हंसदा, दीपक प्रसाद, आशीष पांडे, रियाज अहमद, प्रन्नत कुमार, राजकुमार दास, प्रिया कुमारी, राजकुमार सिन्हा, सुनीता टोप्पो, ललिता देवी संजय प्रजापति, सुनील सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में योग दिवस मना



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आइ.पी.भारती द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया। बच्चों व विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा स्वस्तिकासन, गोमुखासन, योगमुद्रासन, अलोम विलोम, प्राणायाम, कपालभाति, भ्रामरी, ताडासन, वर्कससन, वीरासन, दंडासन, सवासनके साथ साथ अन्य आसनों का अभ्यास किया गया। प्राचार्य स्वाति ने कहा कि योग का अभ्यास हमारे मन को संयमी बनाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। इस मौके पर प्रीति प्रभा, रमेश कुमार, पुनम कुमारी, संजय कुमार, सुलेखा मोदी, मानती लाकरा, दीक्षा कुमारी, संगीता यादव, अनिल कुमार, अजय मंडल, सुभम कुमार, मदीना खातून, राधा कुमारी, राणा तेजस्वी, विवेक कुमार, संजीब सिन्हा, सोनाली कुमारी आदि शिक्षक शामिल थे।

## अडाणी फाउंडेशन ने हरली स्कूल में मनाया योग दिवस



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** अडाणी फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को हरली स्थित राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में योग दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल में फाउंडेशन द्वारा संचालित विज्ञान विषयों की विशेष कक्षा के बच्चे भी मौजूद थे। योग दिवस पर बच्चों को सामूहिक रूप से व्यायाम, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम करवाया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने योग कराने से पहले उसकी महत्ता बतायी। मालूम हो कि अडाणी फाउंडेशन के द्वारा स्कूल में विज्ञान विषयों की विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जाता है, जिसके लिए विशेष तौर पर शिक्षक भी उपलब्ध कराए गए हैं। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य जफरुल इस्लाम, अदाणी फाउंडेशन द्वारा नियुक्त किये गये शिक्षक अनिता कुमारी और हरेंद्र कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## योग दिवस पर प्रखंड कर्मियों ने किया योग



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड के कई क्षेत्रों में योग शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। इस अवसर पर अहले सुबह ही आम व खास लोगों ने योग कर स्वास्थ्य का संदेश दिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मियों ने भी योग किया जबकि केरेडारी थाना में भी थाना प्रभारी नायल गॉडविन केरकेट्टा के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने योगाभ्यास किया वही दूसरी ओर प्रखंड के सभी सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों, कोचिंग सेंटर, जनप्रतिनिधियों व आम जनता ने भी योग किया इस अवसर पर बिडिओ कीस्टो कुमार बेसरा ने कहा की स्वस्थ शरीर के लिए योग अत्यंत आवश्यक है हम सबों को योग को दैनिक जीवन में स्थान देना चाहिए थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा ने कहा की योग से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है व इस से कई बिमारियों का स्वत: इलाज हो जाता है आज समूचे विश्व को योग की अहमियत मालूम हो गई हैं इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों व अधिकारीयों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामना भी दिया हैं।

## योग से ही तन मन का स्वरूप परिवर्तन होता है: बीके लक्ष्मी प्रजापिता



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अड्डी बंगला झुमरीतिलैया की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित 'योगा महोत्सव' कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। चिल्ड्रन पार्क परिसर में आयोजित योग महोत्सव में संस्था के सैकड़ों भाई बहने उपस्थित रहे। बी के लक्ष्मीबहन के द्वारा राजयोग का अभ्यास कराया गया, तथा विश्व में सुख शांति की वाइब्रेशन फैलाया गया। वही सुनील वर्णवाल के द्वारा शारीरिक योग का अभ्यास के जरिए सभी को यह पैगाम दिया कि राजयोग के द्वारा ही व्यक्तित्व का निर्माण तथा नवयुग का निर्माण हो सकता है। कार्यक्रम में बीके कुसुम दुग्गल, संगीता अग्रवाल, मीना, सरिता, भाई प्रदीप भाई, शंकर भाई प्रीतम आदि उपस्थित रहे।

## हुटपा पंचायत भवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुटपा पंचायत भवन में मुखिया कविता सिंह के अध्यक्षता में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया हुटपा पंचायत के मुखिया कविता सिंह ने बताया कि योगा हम सबको करना चाहिए योगा करने से कई बीमारियों से मुक्ति मिलती है। योग का हमारे जीवन बहुत महत्व है, इससे न सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि योग मन और आत्मा के मिलन का जरिया है, जो वास्तविक सुख प्रदान करता है। संक्रमण से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से योग दिवस हर साल मनाया जाता है। इस भागदौड़ भरे जीवन में योग ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव धीरेंद्र कुमार, रोजगार सेवक विनोद कुमार, मुखिया पति राजेश सिंह, दयाल प्रसाद, मुकेश सिंह, तुलसी महतो, शिव कुमार राम, विजय राम, धनंजय कुमार, चंद्र रजक और दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 22 जून, 2023
www.azadsipahi.in


## कौशल मेला सह सम्मान समारोह का आयोजन, मंत्री हुए शामिल

# मुख्यमंत्री सारथी योजना एक अवसर : सत्यानंद भोक्ता

**युवाओं और मजदूरों के प्रति सीएम चिंतित**

**बीरु कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कौशल मेला सह सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को टाउन हॉल में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता थे। जबकि विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी थी। इस दौरान मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक सुनीता चौधरी, विधायक बड़कागांव अंबा प्रसाद, डीसी माधवी मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा सहित अन्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया। जिसके बाद दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**कौशल विकास युवाओं के लिए अवसर**

मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि कौशल विकास के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर देश के विभिन्न राज्यों में रोजगार प्राप्त करने वाले युवा से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि कौशल विकास की दिशा में झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना की शुरूआत की गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रत्येक युवा को रोजगार उपलब्ध कराया जाये। इसके लिए विशेष योजना के तहत कार्य किया जा रहा है। सभी जिलों में एक समिति बनायी गयी है जिसके अध्यक्ष उपायुक्त होते हैं। समिति के द्वारा जिले में कौशल विकास की दिशा में हो रहे कार्यों व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न दिशा निर्देशो यथा निजी क्षेत्रों में 75 फीसदी स्थानीय युवाओं को रोजगार सहित अन्य का अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। भोक्ता ने कहा कि कोरोना काल मे जिस प्रकार से राज्य सरकार ने कार्य किया वह यह बताता है कि हमारे राज्य के मजदूरों व युवाओं के प्रति सरकार कितना प्रतिबद्ध है। वैसे समय जब आवागमन पूरी तरह से बाधित थी। वैसी परिस्थिति में राज्य सरकार द्वारा अन्य राज्यों के साथ संपर्क कर झारखंड राज्य के मजदूरों को वापस लाने का कार्य किया गया। उन्होंने श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे झारखंड निर्माण कर्मकार मृत्यु/ दुर्घटना सहायता योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, निर्माण श्रमिक सेफ्टी किट योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना, मेधावी पुत्र पुत्री छात्रवृत्ति योजना, चिकित्सा सहायता योजना, विवाह सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

**शत-प्रतिशत योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन प्रयासरत: माधवी मिश्रा**

मौके पर माधवी मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जो भी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उसे अच्छी तरह से धरातल पर उतारा जाए एवं सभी योग्य युवाओं व अन्य को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन ने निरंतर कार्य कर रही है। निजी क्षेत्र में 75 फीसदी स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने हेतु जारी अधिसूचना का भी अनुपालन जिले में अच्छी तरह से सुनिश्चित कराया जा रहा है। जिसके तहत ज्यादातर एजेंसियों ने पोर्टल पर निबंध करा लिया है। वहीं जिला प्रशासन इसे और भी प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। मौके पर उपायुक्त ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं का लाभ लेकर प्रशिक्षण प्राप्त करने और देश के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करने वाले सभी युवाओं की सराहना कर अन्य युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने की अपील की।




### बेरोजगार युवाओं को रोजगार दे झारखंड सरकार: सुनीता

मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कौशल विकास के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं की सराहना की। कहा कि सरकार द्वारा युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में संचालित योजनाओं को और भी कारगर तरीके से धरातल पर उतारने के संबंध में कई सुझाव दिए। वहीं उन्होंने ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की बात कही।



### सरकार की योजनाओं का लें लाभ: अंबा प्रसाद

इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में राज्य के विकास के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोरोना सहित विभिन्न विपरीत परिस्थितियों में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों व इसके माध्यम से राज्य वासियों को हुए लाभ पर प्रकाश डाला। वहीं उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 40 अलग-अलग क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का कार्य कर रही हैं। अब आप अपनी रूचि के हिसाब से प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर उन्होंने सभी से बढ़ चढ़कर सरकार की योजनाओं का लाभ लेने एवं राज्य के विकास में अपना योगदान देने की अपील की।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक-753 006 (ओडिशा), भारत
Cuttack -753 006, (Odisha), India

विज्ञापन संख्या 10/एसआरएफ/2023–24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "**खाद्य और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने हेतु स्थिर, गहन एवं कृषि-परिस्थितिक खेती प्रणाली के माध्यम से भारत के छोटे भूमिधारक किसानों के लिए जलवायु अनुकूल पद्धतियां विकसित करना**" शीर्षक परियोजना ईएपी-283 के तहत एक **(01) सीनियर रिसर्च फेलो (एसआरएफ)** के चयन के लिए दिनांक **30.06.2023** को प्रत्यक्ष साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interview is to be held on **30.06.2023** for selection of **one (01) Senior Research Fellow (SRF)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Building climate resilience of Indian smallholders through sustainable intensification and agro-ecological farming system to strengthen food and nutrition security" (EAP-283)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

## प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों में योग शिविर का आयोजन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** नौवे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अवसर पर बुधवार को विभिन्न संस्थानों में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में विधायक किसुन कुमार दास, बीडीओ रंथु महतो, सीओ विजय कुमार दास, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, भाजपा जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, जिप सदस्या देवंती देवी व अन्य जनप्रतिनिधियों समेत वनांचल कॉलेज के कर्मियों की मौजूदगी में योगाभ्यास किया गया। वही सीसीएल के मगध–संघमित्रा परियोजना क्षेत्र में महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ, मगध पीओ सदाला सत्यनारायण, अमला अधिकारी कार्मिक एवं प्रशासनिक, संजय कुमार चौबे, उप प्रबंधक कार्मिक अभिषेक आनंद समेत अन्य अधिकारियों ने शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु योगाभ्यास कर लोगों को जीवन में योग को आवश्यक बताया। योग शिविर का आयोजन स्वामीविवेकानंद चेतना जागृति सेवा संस्थान चुन्दुरू धाम परिसर, राहम पंचायत भवन सीएससी द्वारा, झारखंड विकास उच्च विधालय बिंगलात समेत कई संस्थानों में नौवे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप योग का प्रयोग करके मनाया। इस मौके पर राहम मुखिया विश्वजीत उरांव, संस्थान अध्यक्ष बिगुल प्रसाद, भाजपा नेता प्रीतम साहू, प्रधानाध्यापक बिष्णु साहू, शिक्षक रविन्द्र नाथ ठाकुर, दीपक कुमार समेत सैकड़ो योग कार्यक्रम के मौके पर उपस्तिथ थे।

## जिंदल स्कूल में मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जिंदल स्टील एंड पावर पतरातु के अधिकारियो ने 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर बुधवार को जिंदल एक्जीक्यूटिव क्लब में सामुहिक रूप में योग किया। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख आरके अजमेरिया ने सभी कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को शुभकामनाएं दी और योग से होने वाले शारीरिक तथा मानसिक लाभ, इसकी उपयोगिता, योग का जीवन पर महत्त्व जैसे विषयों पर जानकारी दी। इधर जेएसपी कैंपस स्थित ओपी जिंदल स्कूल पतरातु के विद्यार्थियों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रातःकालीन वंदना सभा में योग दिवस की थीम वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत पर सूर्य नमस्कार, पद्मासन सहित भ्रामरी, उदगीत, प्राणायम कराया गया। कक्षा नर्सरी से नवम तक के विद्यार्थियो ने घर में रहते हुए योग के प्रति अपनी जागरूकता प्रकट करने के लिए सरल योगासन से सम्बन्धित ऑनलाइन कार्यक्रम में भाग लिया। जेएसपी फाउन्डेशन के द्वारा संचालित आशा दी होप के दिव्यांग बच्चो ने कमाल के योग के आसान प्रस्तुत किया। प्लांट प्रमुख आरके अजमेरिया ने अपने संबोधन में योग दिवस अवसर पर सक्रिय भागीदारी के लिए जेएसपी पतरातु के कर्मचारियों को भूरी भूरी प्रशंशा की। उन्होंने योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने के महत्व पर भी जोर दिया।

## अनुमंडल पुस्तकालय का औचक निरीक्षण



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त अबु इमरान ने अनुमंडल पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने पुस्तकालय में उपलब्ध पाठ्य पुस्तकों और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही पुस्तकालय में पाठकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका ध्यान रखने का निर्देश दिया। इसके अलावे पुस्तकालय में अधिष्ठापित यंत्रों, सोलर पैनल आदि को सुचारू रूप से संचालन में सुधार लाने को कहा। इस मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बडाइक समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**मयूरहंड/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में अंतरराष्ट्रिय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग शिविर में बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा थाना प्रभारी रामवृक्ष राम बीपीओ नीरज कुमार के अलावा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा व वार्डन समेत अन्य लोगों ने योग आचार्य उमेश कुमार सिंह के देखरेख में योग किया। इस मौके पर बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने केवल योग दिवस पर हीं नहीं नित्य दिन योग करने का संदेश आम लोगों को दिया और कहा कि योग के माध्यम से ब्यक्ती निरोग होता है। आजकल की भाग–दौड़ वाली जिंदगी में खुद को स्वस्थ और तनाव से मुक्त रहने के लिए योग करते हैं। योग करने से आप खुद को कई तरह की बीमारियों से बचा सकते हैं। स्वस्थ जीवन जीने के लिए अच्छे खान–पान के साथ योग करना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर आयुष डॉ गायत्री कुमारी ने बीडीओ एवं थाना प्रभारी के अलावा पत्रकारों को योग बैच व किताब देकर सम्मानित किया। शिविर में शिक्षक संत कुमार सिंह सहायक निरीक्षक एस के ठाकुर वार्डन अनिता कुमारी के अलावा छात्रा व अन्य लोगों ने भाग लिया।

## बरकाकाना पैक्स में किसानों के बीच हुआ धान बीज का वितरण



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** नारायण उच्च विद्यालय स्थित बरकाकाना पैक्स में किसानों के बीच धान बीज का वितरण किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरकागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक अम्बा प्रसाद शामिल हुई।ब रकाकाना पैक्स अध्यक्ष विपिन कुमार मेहता ने बताया पंजीकृत किसानों को पचास प्रतिशत अनुदान पर एनएसी हाइब्रिड व एराइज 6444 धान बीज का वितरण किया गया है। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही धान बीज के लाभ से ज्यादा से ज्यादा किसान लाभान्वित हो। मौके पर आत्मा के परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार,प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राजेश एक्का, प्रखंड तकनीकी प्रंधक रणधीर सिंह, सहायक तकनीकी प्रबंधक अमित कुमार, संजय कुमार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय कुमार शर्मा, कांग्रेस जिला सचिव मदन दांगी, महासचिव रामा ठाकुर, टिकेन्द्र बेदिया, श्याम बेदिया, इंदरलाल बेदिया, शम्भूनाथ सिंह, राज कुमार बेदिया, गोपी बेदिया सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# 'बैक टू स्कूल' अभियान में बच्चों का करायें नामांकन: डीसी




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** स्थानीय राज्य संपोशित प्लस 2 उच्च विद्यालय के प्रांगण में स्कूल रूआर 2023 यानि बैक टू स्कूल कैंपेन के लिए जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त अबु इमरान ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जिले के सुदुरवर्ती क्षेत्रों के भी बच्चे विद्यालय जाने से वंचित न रह जाये इसके लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, पंचायत समिति सदस्य, स्थानीय स्वयंसेवी संस्था और शिक्षा के क्षेत्र में रूचि रखने वाले लोगों के अलावे गणमान्य लागों, शिक्षक और अन्य पदाधिकारी के माध्यम से सामूहिक सहयोग करते हुए एक माह तक चलने वाले अभियान के माध्यम से सभी वर्ग के बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराने की अपील किया। जिले में संचालित 1570 सरकारी विद्यालय और 236 प्राइवेट विद्यालयों में वितिय वर्ष 2023-24 में पूर्ण नामांकन अभियान का शुभांरभ किया गया। इस मौके पर जिला षिक्षा अधीक्षक, सभी संकुल साधनसेवी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### जरूरतमंद विद्यार्थियों को नामांकन का अंतिम मौका देने का निर्देश




**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला शिक्षा समिति की बैठक की गयी। बैठक में कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालयों और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में सत्र 2023-24 में नामांकन हेतू जिला चयन समिति के समक्ष अनुमोदित नामांकन सूची प्रस्तुत किया गया। इस सूची के अवलोकन के बाद जिला चयन समिति ने रिक्त सीटों के लिए विद्यालय के पोशक क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कर हर जरूरतमंदों का नामांकन सुनिश्चित करने को कहा गया। इस दौरान उपायुक्त ने हर क्षेत्र एवं समुदाय के प्रतिनिधि एवं अभिभावकों से संपर्क स्थापित कर विद्यालय के रिक्त सीटों में नामाकेन करवाने हेतू प्रेरित कर सभी जरूरत मंद विद्यार्थियों को नामांकन का अंतिम मौका देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आवासीय विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए वार्डन द्वारा सभी छात्राओं की नियमित जांच करने तथा विद्यालय के नियमों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बडाइक , सांसद प्रतिनिधि और सिमरिया विधायक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मोदी सरकार में भारत विश्व का सबसे बड़ा मार्केट बन कर उभरा है: सांसद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के महाजनसंपर्क अभियान के तहत मंगलवार को रामगढ़ स्थित होटल शिवम इन के सभागार में भाजपा ने व्यवसाई सम्मेलन का आयोजन किया। जिसके मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा और विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने की। जबकि मंच संचालन महामंत्री छोटन सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने महापुरुषों की तस्वीर पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसके बाद सांसद जयंत सिन्हा ने व्यवसाइयों का अंगवस्त्र और फूल मालाओं से स्वागत किया। मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किए गए कामों के बारे में विपक्षी भी चर्चा करने को मजबूर है। खासकर व्यापारी वर्ग के लिए केंद्र सरकार क्या योजना चला रही है कैसे मदद पहुंचाया गया। भारत पूरे विश्व का सबसे बड़ा मार्केट बनकर उभर रहा है। कहा कि मेक इन इंडिया के जरिए देश को मजबूती प्रदान की जा रही है। व्यापारी वर्ग के लोगों का देश की तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान है इससे इंकार नहीं किया जा सकता। व्यापारी वर्ग की तरफ से जीएसटी पर पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा की व्यापारियों के टैक्स से ही विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जाता है। साथ हीं किसानों की बेहतरी हेतु भी इस पैसे का उपयोग होता है। जियंत सिन्हा ने विस्तार पूर्वक जीएसटी, यूपीआई, स्वच्छ भारत अभियान, आयुष्मान भारत, गरीब कल्याण योजना इत्यादि कार्यों को भाजपा की सरकार ने धरातल पर सफलतापूर्वक उतारे जाने की चर्चा करते हुए कहा की हमने देश को विकास की पथ पर अग्रसर किया है। पर कांग्रेस और जेएमएम जैसे राजनीतिक दल देश और राज्यों को लूटने के लिए गठबंधन कर रहें हैं।

## जिले के अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एक साथ किया योग

# योग भारत का एक अभिन्न अंग रहा है: मो जावेद हुसैन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रामगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नमामि गंगे योजना के तहत बुधवार को छत्तरमांडू स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डीडीसी रोबिन टोप्पो, डीएफओ नीतीश कुमार, अपर समाहर्ता नेलसम एयोन बागे, अनुमंडल पदाधिकारी मो जावेद हुसैन सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों और कर्मियों ने सामुहिक रूप से योग किया। मौके पर डीडीसी रोबिन टोप्पो ने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का आह्वान किया। साथ ही योग से होने वाले फायदों के प्रति जानकारी दी।

अनुमंडल पदाधिकारी मो जावेद हुसैन ने कहा कि प्राचीन काल से योग भारत का एक अभिन्न अंग रहा है एवं कई प्रकार की बीमारियों से लोगों को बचाता रहा है। वर्तमान में पूरा विश्व आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। हम सभी को योग को अपने जीवन में शामिल कर इसका लाभ उठाना चाहिए।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की डॉ असीम कुमार ने दी शुभकामनाएं**

कार्यक्रम के दौरान नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना रामगढ़ सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी को शुभकामनाएं देने के उपरांत नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों के प्रति सभी को जानकारी दी।

**विभिन्न योगासनों और उनके फायदे की दी गयी जानकारी**

कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी कमल किशोर बगड़िया एवं धन्यवाद ज्ञापन नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने दिया। वहीं पतंजलि योगपीठ रामगढ़ के योग प्रशिक्षक द्वारिका प्रसाद ने विभिन्न योगासनों एवं उनके फायदे की जानकारी दी, साथ ही योग अभ्यास भी कराया।

**ये थे उपस्थित:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपरोक्त के अलावा जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मानसिक और शारीरिक विकास के लिए योग है जरूरी : रंजीत सिंह




**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर आरा कोलियरी में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यालय अध्यक्ष रति महतो, प्राचार्य रंजीत सिंह, वरिष्ठ शिक्षक गुरमीत धीमान ने संयुक्त रूप से कहा कि स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मन का निवास होता है। योग द्वारा बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। सभी लोगों को योग को अपने जीवन में जरूर अपनाएं। योग के बिना जीवन अधूरा है। मौके पर विद्यालय प्रांगण में योग से जुड़े कई आसन किये गए हैं। मौके पर रीता कुमारी, सुनीता कुमारी, सविता कुमारी, कामेश्वर प्रसाद, दुलालचंद कुशवाहा, कुलदीप महतो, भुवनेश्वर महतो, भागीरथ प्रसाद, रंजन मिश्रा, कोलेश्वर महतो, बैजनाथ प्रसाद समेत कई शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीएन कॉलेज रामानगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर शिक्षक–शिक्षकेतर, कर्मचारी और छात्र–छात्राओं ने कॉलेज परिसर में योगाभ्यास किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ शशिकांत वाजपेयी ने कहा कि आज के युग में हर मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए योग करना जरूरी है। उन्होंने योग के महत्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शरदेंदु नीरज, डॉ अवधेश मिश्रा, प्रो खिरोधर साहू, मो तौफीक आलम, प्रो सुधीर कुमार वर्मा, डॉ बलवंत सिंह, प्रो ममता दुबे, प्रो कुसुम, प्रो सुषमा, राजकिशोर ओझा, विवेकानंद पांडेय, प्रेमशंकर महतो, इंदरनाथ प्रजापति, अमरदीप कुमार सहित छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## योग दिवस पर दुलमी क्षेत्र हुआ योगमय



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड के सोसो गांव स्थित आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर सोसो मे विश्व योग दिवस के उपलक्ष पर बुधवार को योग कराया गया। योग प्रशिक्षक बासुदेव कुमार मुंडा ने लोगों को योग कराते हुए कहा की योग से अनेको बीमारी ठीक होता है। इसलिए लोगों को ब्रम्मुहूर्त में उठकर नियमित योग करना चाहिए। उन्होंने लोगों को जड़ी बूटी संबंधी के जानकारियां दी। मौके पर मुखिया उर्मिला देवी, आयुष हेल्थ डॉ प्रियंका ठाकुर, योग प्रशिक्षिका सरिता देवी, लालचंद् ठाकुर, विगेन्द्र ठाकुर, यदुनंदन महतो, राजेंद्र महतो, नरेश साव, ललो देवी, सुजाता देवी, मैरून, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे। उधर 10+2 उच्च विधालय चटाक मे भी योग दिवस मनाया गया। वहां भी स्कूली बच्चों को योग कराया गया साथ ही रोग से बचने के लिए कई टिप्स दिया गया।

## सांसद प्रतिनिधि ने टेहवा भुइयां के परिजनों से की मुलाकात

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गांव कुडलौंगा में टेहवा भुइयां के घर में आगजनी से पुरे जल गया था। इससे बेघर परिजनों को समाचार सुर्खियो में आते ही सांसद प्रतिनिधि इश्वरदयाल पाण्डेय ने टेहवा भुइयां के परिजनों से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने परिजनों को चावल, दाल, आलू समेत खाद्य सामग्री भेंट की। खाद्य पदार्थ के अलावे कंबल, बेडसिट व स्वक्षता कीट भी दिया गया।इस मौके पर भाजपा नेता प्रमोद कुमार सिंह, जगदीश महतो उपस्तिथ थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-54-2023 एवं 55-2023, दिनांक 20.06.2023; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी मूल्य:** **(1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-54-2023;** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/रांची कक्ष का नवीनीकरण तथा हटिया में मंडल ओपीडी अस्पताल के स्टोर रूम का विस्तार; रु. 49,00,742.87; रु. 98,000/-; **(2) डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-55-2023;** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/ वर्क्स/हटिया के क्षेत्राधिकार के अधीन मंडल रेलवे अस्पताल रांची की पहली मंजिल का विकास एवं निर्माण; रु. 6,67,20,341.51; रु. 4,83,600/-; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** क्रमांक 1 के लिए 12.07.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तथा क्रमांक 2 के लिए 13.07.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-312)

आजाद सिपाही
रांची,गुरुवार, 22 जून, 2023
www.azadsipahi.in


# लोहरदगा और लातेहार जिलों में रही नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की धूम

## योग भारत की धरोहर है सभी करें योग : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बैडमिंटन कोर्ट हॉल, बहुद्देशीय भवन, लोहरदगा में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें योग शिविर के संचालकों की ओर से योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया और उसके लाभ की जानकारी दी गयी।

योग शिविर की शुरूआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि योग भारत की धरोहर है। योग से व्यक्ति ना सिर्फ शारीरिक और मानसिक बल्कि आध्यात्मिक रूप से भी स्वस्थ हो जाता है। सभी लोगों को योग के आसनों का अभ्यास करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि सभी लोगो को योग क्रियाओं का नियमित अभ्यास करना चाहिए। इससे पूरा समाज और देश स्वस्थ रहेगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, कर्मीगण और योग शिविर के संचालकों में अंकित, खुशी भारती और प्रियंका साहू समेत योग शिविर से जुड़े अन्य गणमान्य उपस्थित थे।




## पतंजलि के योग शिक्षकों ने कराया प्रोटोकाल के तहत योग महोत्सव

**लोहरदगा:** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान की लोहरदगा जिला इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग महोत्सव के रूप में मनाया गया। जिला मुख्यालय लोहरदगा के साथ साथ प्रखंडों में भी पतंजलि के योग प्रशिक्षकों द्वारा आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत योग अभ्यास कराया गया। ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, वृक्षासन, वज्रासन, प्राणायाम, अनुलोम विलोम, कपालभांति, भ्रामरी, उद्गित ध्यान आदि समेत मुख्य रूप से प्रोटोकाल के अभ्यास कराये गये।

पेशरार के मुंगो में शिवशंकर सिंह, लोहरदगा व्यवहार न्यायालय में भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती, घाघरा के सुदूरवर्ती में अभय भारती, जिला मुख्यालय में अंकित अग्रवाल, खुशी भारती, माही, शिवा, मानसी, प्रियंका साहू, प्रखंड कार्यालय के समीप सहकारिता भवन में संजय मधुर, रवि भूषण प्रजापति, कूडू में निर्भय भारती, शिवराज विजय महतो, कैरो में गणेश शास्त्री, कोराम्बे में दिनेश प्रजापति, राम सुभग राय समेत विभिन्न ग्रामों में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

## योग दिवस पर हमें नियमित योग करने का संकल्प लेना चाहिए : डीसी भोर सिंह यादव



**लातेहार।** 9 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लातेहार जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिला खेल स्टेडियम में आयोजित योग शिविर का शुभारंभ उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित इस योग शिविर का मुख्य उद्देश्य ना केवल लोगों को योग के विभिन्न आसनों, क्रियाओं व प्राणायामों के बारे में जानकारी देना और योगाभ्यास कराना है बल्कि इसे अधिक से अधिक घरों तक नियमित दिनचर्या के रुप में पहुंचाना भी है। योग शिविर को संचालित करते हुए योग प्रशिक्षक मुकेश पाण्डेय ने शिविर में योगासनों जैसे- कपाल भाती, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, प्रानोध्यान सहित कई अन्य योग का अभ्यास कराया। उन्होंने बैठकर, पेट और पीठ के बल लेटकर किये जाने वाले भी कई योगाभ्यास को कराया तथा उसके लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर जिला स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं, स्थानीय लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं, स्थानीय लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में योग दिवस मनाया गया



**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार के वंदना सभागार में 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि बलराम सिंह योग गुरु, विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी, आचार्य ओंकार नाथ सहाय और आलोक कुमार पांडे के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर की गयी। वर्ष 2023 योग दिवस की थीम वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत पर वन वर्ल्ड वन हेल्थ रखी गयी है। मुख्य अतिथि और योग गुरु बलराम सिंह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस का कार्यक्रम प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी जी के देख-रेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओंकार नाथ सहाय के द्वारा किया गया। मौके पर लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम, अभिनय कुंभकार, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, राकेश कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक उपस्थित रहे।

### आजाद सिपाही अखबार में छपी खबर का दिखा असर, डीडीसी पहुंचीं लाइब्रेरी, ली जानकारी

## पुस्तकालय का नियमित संचालन नहीं होने पर प्रतिनियुक्त कर्मी कार्रवाई को रहें तैयार: डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को मुख्य चौक पर स्थित जिला परिषद द्वारा निर्मित मार्केट काम्प्लैक्स भवन के दूसरे मंजिला में एससीए मद से संचालित प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय का लोकार्पण वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु के द्वारा विगत 20 जनवरी 2023 को इस उद्देश्य के साथ किया गया था। सप्ताह के 6 दिन छः बीआरपी और सीआरपी को रोस्टरवार प्रतिनियुक्त किया गया है। लाइब्रेरी का बंद पड़े रहने की शिकायत पर बीडीओ बुड़ायं सारू के द्वारा सोमवार को निरीक्षण कर मामले की पड़ताल की गई थी। इस दौरान बीडीओ सह सीओ के द्वारा देखा गया कि पुस्तकालय बंद पड़ा हुआ है जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए आजाद सिपाही में प्रतिक्रिया देते हुए उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण से शिकायत करते हुए कार्रवाई किये जाने की मांग रखे जाने की बात कही थी। इधर आजाद सिपाही अखबार में छपा खबर का असर यह दिखा कि जिले की डीडीसी समीरा एस किस्को मुख्य चौक पर संचालित लाइब्रेरी का निरीक्षण कर बारीकी से मुआयना किया और प्रतिनियुक्त सभी बीआरपी और सीआरपी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पुस्तकालय का नियमित संचालन में लापरवाही हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मौके पर बीडीओ सह सीओ बुड़ायं सारू, कनीय अभियंता रंजित कुमार, बीआरपी संजय कुमार, के अलावा अन्य कर्मी मौजूद थे।

## डिग्री महाविद्यालय मनिका में शैक्षणिक अराजकता के विरोध में अभाविप का चरणबद्ध आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई मनिका के कार्यकर्ताओं के द्वारा डिग्री महाविद्यालय मनिका में व्याप्त शैक्षणिक समस्या समेत नौ सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। वर्षों के कड़ी मस्कत के बाद लातेहार जिले में बने एकमात्र सरकारी डिग्री कॉलेज मनिका में वर्तमान की शैक्षणिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है, इसी शैक्षणिक अराजकता के विरोध में अभाविप मनिका के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय के छात्रों के साथ नगर सह मंत्री अमित कुमार जी के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में आंदोलन किया। आंदोलन को संबोधित करते हुए नगर सह मंत्री अमित कुमार ने कहा कि महाविद्यालय को खुले पांच वर्ष पूर्ण हो चुके है बावजूद इसके शिक्षकों का टोटा है। प्रारंभ से ही महाविद्यालय में अर्थशास्त्र के शिक्षक नही है वाणिज्य संकाय के शिक्षक को अर्थशास्त्र पढ़ाने का जिम्मा दे दिया गया है, आगे उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में बना पुस्तकालय जिसमें की लाखों की किताबे रखी हुई है आज वो सारे किताबें धूल फांक रही है। और हमारे द्वारा प्राचार्य को कुलपति के नाम ज्ञापन सौंप नौ सूत्री मांग की गयी है। श्री कुमार यहीं नहीं रुके उन्होंने चतरा के वर्तमान सांसद श्री सुनील सिंह और मनिका के वर्तमान विधायक रामचंद्र सिंह को भी आड़े हाथ लिया उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के सांसद महोदय जो डिग्री कॉलेज का उद्घाटन कर-के गये है। नगर कार्यकारिणी सदस्य चंदन कुमार ने कहा कि महाविद्यालय को 15 दिनों को समय दिया गया है आगर 15 दिनों के अंदर सभी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो अभाविप मनिका महाविद्यालय के मूख्य द्वार पर तालेबंदी कर देगी।

## डीसी ने ईंट निर्माण केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**लोहरदगा(आजाद सिपाही)।** उपायुक्त, लोहरदगा के निदेश पर बुधवार को बाल श्रम के रोकथाम हेतु गठित विशेष धावा दल लोहरदगा द्वारा कुडू प्रखंड के चेटर व नवा टोली स्थित ईंट निर्माण केंद्र में बाल श्रमिक हेतु औचक निरीक्षण किया गया। दोनों ईंट भट्ठा लगभग एक माह से बंद है। भट्ठा संचालकों द्वारा बताया गया कि उनके भट्टे में बाल श्रमिकों से कार्य नहीं लिया जाता है। इस अभियान में दिनेश भगत श्रम अधीक्षक, वीरेंद्र कुमार जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी , संदीप कुमार गुप्ता श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बबीता कश्यप सदस्य बाल कल्याण समिति, मनोरंजन कुमार संरक्षण पदाधिकारी संस्थानिक देखरेख, धीरेंद्र यादव लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान, हनुक कच्छप चाइल्ड लाइन, कूडू थाना के सब-इंस्पेक्टर सोनू चौधरी एवं पुलिस बल शामिल थे।

## वज्रपात में दो घायल



**कुडू-लोहरदगा(आजाद सिपाही) :** बुधवार की शाम बारिश के साथ दो स्थानों पर हुए वज्रपात में एक अधेड़ और पांच वर्षीय बच्ची घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव निवासी महिंदर राम 65 वर्ष पिता स्व गोकुल राम अपने खेत मे काम कर रहे थे तभी वज्रपात के चपेट में आगये वहीं उमरी गांव में रामनाथ उरांव की 5 वर्षीय बेटी कृतिका कुमारी भी वज्रपात के चपेट में आगयी। परिजनों द्वारा दोनों को आनन फानन में कुडू सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया जहां इलाज के बाद बच्ची को लोहरदगा सदर रेफर कर दिया गया।

## ग्राम पेयजल और स्वच्छता समिति की बैठक

**कैरो(आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को ग्राम पेयजल और स्वच्छता समिति की बैठक बीडीओ पवन कुमार महतो की उपस्थिति में हुई। इसमें मुख्य रूप से कैरो में पीएचडी के द्वारा निर्मित पानी सप्लाई को सुचारू रूप से संचालित करने को लेकर चर्चा हुई। ज्ञात हो कि कैरो में बने पेयजलापूर्ति योजना से कुडू और कैरो प्रखंड के नौ गांव के छह हजार लोगों को पेयजल उपलब्ध होती है। उपभोक्ताओं के द्वारा पानी का बिल भुगतान नहीं करने के कारण जलापूर्ति कार्य बाधित हो रही है। बीडीओ ने उपस्थित लोगों से कहा उपभोक्ताओं से मासिक बिल का कलेक्शन हर महीने सुचारू रूप लें। जो व्यक्ति पानी का बिल नहीं दे उसका कनेक्शन काट दें। बिल वसूली करने वाले कर्मियों के साथ बदसलूकी करने वाले लोगों की जानकारी हमें दें। उनपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर मुखिया विरेन्द्र उरांव, उपमुखिया रवि प्रजापति, पीएचडी प्रखंड समन्वयक खालिक अंसारी, जलसहिया मंतोरणी उरांव, वार्ड सदस्य रूपा उरांव आदि लोग उपस्थित थे।

## तेंदुआ के हमले से गाय चराने गया युवक घायल

**बरवाडीह(आजाद सिपाही):** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर वनक्षेत्र के लात पंचायत हरहे ग्राम में मंगलवार शाम तेंदुआ के हमला से एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लात निवासी घायल त्रिलोकी सिंह गाय चराने गांव के बाहर गया था। इसी दौरान तेंदुआ ने उस पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर जब आसपास के और अन्य चरवाहे वहां जमा हो गये। भीड़ देखकर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया।

## एसपी आर रामकुमार ने की अपराध नियंत्रण की समीक्षा, दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** समाहरणालय परिसर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुधवार को एसपी आर रामकुमार की अगुवाई मे मासिक क्राइम कंट्रोल की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान जिले में अपराध की घटनाओं में रोक लगाने और अपराध नियंत्रण के लिए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया। वही नक्सल गतिविधियों, लॉ एंड ऑर्डर को लेकर कई दिशा निर्देश दिया गया। अपराध गोष्ठी में विगत माह जिले में घटित सभी संवेदनशील/महिला उत्पीड़न/ हत्या/ आपराधिक मामले चोरी, गृहभेदन, वाहन चोरी आदि मामलों की थानावार समीक्षा की गयी। लंबित वारंट निष्पादन में और तेजी लाने तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किये। लंबित कांडो की निष्पादन में शिथिलता बरतने पर नाराजगी व्यक्त किये और अगले माह और तेजी लाने का आदेश दिये। अपराध गोष्ठी में पुराने लम्बित कांडो, लम्बित जमानतीय/ गैरजमानतीय वारंट/ कुर्की जब्ती, जांच प्रतिवेदन, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट इत्यादि का समीक्षा के साथ ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

## दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन घायल

**बरवाडीह(आजाद सिपाही):** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 4 लोग घायल हो गए।जिससे उचित इलाज हेतु भेजा गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह बरवाडीह मेदनीनगर मुख्य सड़क में मीरा कॉलेज के सामने राजा मेदनी राय कॉलेज के सामने एक कार और बाइक में सीधी टक्कर हो गयी। जिसमे बाइक सवार पैरा निवासी रंजीत कुमार मोटर साईकिल सवार घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह तत्काल घटनास्थल पहुंचकर दोनों घायलों को बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया पर जहां पर महिला चिकित्सक डॉक्टर अनुपम एक्का की देखरेख में दोनों घायलों का इलाज किया गया। वही थाना प्रभारी ने क्षतिग्रस्त कार वह मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना परिसर में जमा करते हुए उचित कार्रवाई प्रारंभ कर दिया है। वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना में बीते रात्रि 8:00 बजे के करीब थाना क्षेत्र के मुगीर्डीह सीआरपीएफ कैंप के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मोटरसाइकिल गणेश कुमार, झाबर निवासी व विजय राम कुटमु निवासी दोनों मजदूरी कर अपने घर वापस जा रहे थे तभी दुर्घटना का शिकार हो गये।

## सुदेश महतो का 49वां जन्मदिन मनाया



**लातेहार(आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय लातेहार में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के 49वां जन्मदिन के शुभ अवसर पर बुधवार को आजसू कार्यकर्ताओं के द्वारा केक काट कर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर आजसू पार्टी लातेहार के जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष सरवन पासवान, बिजेंदर दास ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुंदन कुमार जायसवाल सदर प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव आादि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आंधी ने उड़ाया दिव्यांग का आशियाना

**किस्को/लोहरदगा(आजाद सिपाही)।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अति सुदूरवर्ती और उग्रवाद प्रभावित पठारी पाखर डूमर पाट में दोपहर बाद अचानक आयी तेज आंधी तूफान से पाखर डूमर पाठ निवासी कुंवर नगेसिया का दिव्यांग पुत्र लमरू नगेसिया के घर का एडवेस्टस को उड़ा ले गया। जिससे भुक्तभोगी गरीब दिव्यांग परिवार को काफी छति पहुंचा है। आंधी तूफान से प्रभावित दिव्यांग लमरू नगेसिया ने बताया कि अब तो हमारे परिवार वालों के समक्ष सिर छिपाने की चिंता बन गया है। भुक्तभोगी लमरू नगेसिया ने कहा कि प्रशासन मदद करे तो घर की मरम्मत कराकर सपरिवार सुरक्षित जीवन यापन कर सकते हैं।

## हाथी का दांत बना हुआ है मिर्गी स्थित वाटर सप्लाई प्लांट

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुआडांड।** महुआडांड़ प्रखंड में कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां लोग पीने के पानी के लिए झरनों और चुआरी पर निर्भर रहते हैं। प्रखंड के ऐसे ही समस्याओं के निदान के लिए वर्ष 2018-19 में प्रखंड के शहरी क्षेत्र और प्रखंड अंतर्गत आने वाले 38 गांव को ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत पेयजल आपूर्ति योजना का शिलान्यास किया गया था। इस योजना में लगभग 44 करोड़ की लागत से महुआडांड़ प्रखंड के 7 पंचायत के हजारों घरों में जलापूर्ति का उद्देश्य था। जिसके लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग लातेहार के द्वारा प्रखंड में घर-घर तक पानी की सप्लाई पहुंचाने के लिए बड़ी-बड़ी मशीनें लगा दी गयी है। पानी सप्लाई प्लांट व जल मीनारों को चलाने के लिए ऑपरेटरों को भी बहाल कर दिया गया है। जिन्हें उनके कार्य के लिए प्रतिमाह उनका कार्य भुगतान भी मिल रहा है। घर-घर तक जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन भी बिछा दी गयी है। इस योजना से महुआडांड़ प्रखंड के चटकपुर, चंपा, ऑक्सी, हामी, चैनपुर, रेगाई, अंबाटोली और महुआडांड़ के 38 गांव के लगभग 7000 घरों को पानी की समस्या से निजात मिलता लेकिन योजना पूर्ण हुए इतने लंबे समय हो जाने के बाद भी ग्रामीणों को पानी नसीब नहीं हो पाया।


**2021 में पानी सप्लाई के प्लांट का उद्घाटन किया गया था**

महुआडांड़ प्रखंड के घर-घर तक पानी की सप्लाई पहुंचाने के उद्देश्य से निर्मित इस प्लांट का उद्घाटन 20 दिसंबर 2021 को माननीय सांसद सुनील कुमार सिंह और माननीय विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा किया गया था। लेकिन इस प्लांट के द्वारा घर-घर तक जलापूर्ति की जा रही है या नहीं इसे देखने वाला कोई भी नहीं है।

**5.10 एमएलडी क्षमता के वाटरट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है**

लोध ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के तहत बूढ़ा नदी में इनटेकवेल बनाया गया है। यहां से पानी को पाईप द्वारा मिरगी गांव में निर्मित 5.10 एमएलडी क्षमता के वाटरट्रीटमेंट प्लांट (जल संशोधन केंद्र) में जमा किया जाना है।

## वज्रपात से दो मवेशी की मौत, एक महिला जख्मी



**सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही):** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सेन्हा रामनगर मूहल्ला में ईंट भट्ठा के समीप खेत में किसान पांच मवेशी को बांध कर घर आया था कि अचानक मौसम खराब हो गया और तेज गर्जन के साथ वज्रपात होने से दो गाय जख्मी हो गयी। जिसके बाद किसान हेमंत महतो घायल मवेशी और अन्य मवेशी को घर लाकर पशु चिकित्सक शुशील कुमार से इलाज कराया। इलाज के दौरान देर शाम दोनो गाय की मौत घर में हो गयी। पशु चिकित्सक शुशील कुमार ने बताया कि घायल गाय फिरिजियन नशल का है। जिसका मूल्य लगभग 70 हजार है। जबकि दूसरा ऑस्ट्रेलियन गाय है इसका मूल्य 40 हजार है। वज्रपात से जख्मी गाय की मौत से किसान हेमंत महतो को एक लाख 10 हजार का आर्थिक नुकसान हुआ। वहीं बंसरी गुरिया टोली में धान का बिचड़ा खेत में छिटने गई प्रकाश बाखला की 26 वर्षीय पत्नी कौशल्या बाखला भी वज्रपात के चपेट में आने से जख्मी हो गयी। जिसे ग्रामीणों ने देशी नुस्का के तहत उपचार करने के बाद एंबुलेंस 108 से लोहरदगा सदर अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सीआरपीएफ बटालियन 218 में लगा योग शिविर




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीआरपीएफ बटालियन 218 के मैदान में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ब्रह्माकुमारी एवं पतंजलि योग समिति के सदस्यों को आमंत्रित किया गया। गुमला शाखा की संचालिका ब्रह्माकुमारी शांति दीदी के मार्गदर्शन में ब्रम्हाकुमारी अमृता बहन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व को प्रकाशित करते हुए कहा कि शारीरिक योग हमारे तन को स्वस्थ रखता है। इसके साथ-साथ मानसिक योगाभ्यास बहुत आवश्यक है क्योंकि हमारा मन कमजोर रहे तो शारीरिक योग से भी कोई फायदा नहीं होता। हमें अपने शरीर को फिट रखने के लिए एक्सरसाइज के साथ-साथ मन की भी एक्सरसाइज करने की आवश्यकता है।

सीआरपीएफ बटालियन 218 बटालियन के सीईओ कमांडेंट मोहम्मद खालिद खान ने उपस्थित आईटीआई एवं गुरुकुल कोचिंग के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा काल में लोग मानसिक रूप से भटकाव की स्थिति में रहते हैं। इस समय उन्हें सही रूप से समझ मिल जाए तो इसका परिणाम उन्हें अपने इस उम्र के पड़ाव के बाद आने वाले चुनौतियों के माहौल में स्वयं को मनोबल और योग्यता के साथ खड़ा हुआ देख पाएंगे। कार्यक्रम में सीआरपीएफ 218 के अधिकारी एवं जवान, साथ ही उनके परिवार के सदस्य, ब्र.कु. कुसुम बहन, ब्र.कु. शिव भाई, पंकज भाई, पतंजलि योग समिति से बहन बंटी देवी, सावित्री भगत, हितेश्वर भाई, बहन ज्योति, बहन अनुराधा गुप्ता एवं आईटीआई गुमला और गुरुकुल कोचिंग के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो का जन्मदिन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी गुमला जिला कमेटी के द्वारा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष, झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर आजसू पार्टी जिला कमेटी के द्वारा सिलम स्थित वृद्धा आश्रम में वृद्ध माता-पिता के बीच जाकर फल एवं ब्रेड का वितरणकिया गया। तत्पश्चात नारी निकेतन में असहाय महिलाओं को फल और ब्रेड वितरण किया गया। इसके साथ ही सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल एवं ब्रेड का वितरण करते हुए सुदेश कुमार महतो की लंबी आयु व उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, प्रधान सचिव आनन्द गुप्ता, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, अल्पसंख्यक अध्यक्ष आमिर खान, सचिव गोलू श्रीवास्तव, सह कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, युवा अध्यक्ष उत्तम साहू, पवन बड़ाईक, नगर अध्यक्ष प्रियेश राव, सचिव अंकित साहू, कोषाध्यक्ष कुशल वर्मा एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झानद संयोजक ने गरीबों के लिए साथियों के संग किया रक्तदान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा आयोजित रक्तदान कार्यक्रम के तहत झानद के संयोजक विजय सिंह ने तीन महीने तक प्रतिमाह एक बार चलने वाले रक्तदान कार्यक्रम की शुरुआत पहले स्वयं गरीबों के लिए रक्तदान कर की। श्री सिंह के साथ भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला प्रभारी प्रकाश उरांव व झानद छात्र युवा मोर्चा के सदस्यों ने भी रक्तदान किया। विदित हो कि झानद द्वारा किसी भी गरीब का रक्त के अभाव में मृत्यु ना हो इसके लिए तीन महीने के अंतराल में तीन बार रक्तदान के लिए युवाओं व रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का कार्यक्रम बनाया गया है। जिसके तहत 21 जुलाई 2023 को फिर से गुमला स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान कार्यक्रम किया जाएगा। तत्पश्चात रांची में अगस्त माह में रक्तदान कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर रक्तदान करने वालों का उत्साहवर्धन के लिए सदर अस्पताल के चिकित्सक व ब्लड बैंक के प्रबंधक द्वारा एक-एक कप देकर रक्तदान जैसे कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला प्रभारी प्रकाश उरांव, दल के छात्र युवा मोर्चा के नेताओं में उमेश मुंडा, धर्मपाल उरांव, अशोक भगत, आकाश सिंह, रिमिस कुजूर, बादल सिंह व दुखना मुंडा मुख्य रूप से शामिल थे। मौके पर किसान नेता आदित्य सिंह, शंकर उरांव व गोपेश्वर गोप मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## योग दिवस : नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय हुआ गुमला

# डीसी और अफसरों ने योग कर जिलेवासियों को दी प्रेरणा

**स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग है जरूरी : उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में हर तरफ योग का वातावरण दिखाई दिया। हर घर योग पहुंचे इस उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा भव्य रूप से योग दिवस का आयोजन किया गया। जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तरों पर आयुष हेल्थ एंड वेलनेस क्लिनिक एवं अन्य स्वास्थ्य उपकेंद्रों में योग किया गया। जहां एक साथ एक वक्त पर जिले वासियों ने मिलकर योग किया एवं स्वास्थ्य समाज के निर्माण करने की शपथ ली।

आयुष विभाग द्वारा मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बिरसा मुंडा एग्रोटेक पार्क में किया गया। जहां मुख्य रूप से उपायुक्त सुशांत गौरव की उपस्थिति रही। इस दौरान उप विकास आयुक्त सहित जिले के तमाम वरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहें। प्रातः काल 6 बजे से आरंभ यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 8 बजे तक समाप्त किया गया। जिसमें प्राणायाम, कपाल भाती जैसे कई प्रकार के योगासन को योग के प्रशिक्षकों के द्वारा करवाया गया। उपायुक्त सहित सभी उपस्थिति गणों ने 2 घंटे तक योगासन किया एवं स्वास्थ्य समाज के निर्माण में योग करने के अभ्यास को प्रति दिन अपने जीवन में उतारने हेतु संकल्प भी किया। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में आम नागरिक भी मौजूद रहें । कार्यक्रम का उद्देश्य केवल लोगो को योग करने के प्रति जागरूक करना था।



### जिले भर के लोगों ने एक साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ समाज के निर्माण का लिया संकल्प

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः काल 6 बजे से 8 बजे तक जिले भर के तमाम आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों में आयुष विभाग द्वारा योग दिवस का आयोजन किया गया। दिए गए समय अंतराल में जिले भर में एक साथ सभी लोगों ने मिलकर योग किया। साथ ही सभी ने अपने जीवन में प्रतिदिन योग करने के अभ्यास को अपनाने का भी संकल्प लिया। जिससे जिले भर में एक बेहतरीन संदेश का प्रचार हुआ ।

उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य समाज के निर्माण में योग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। योग दिवस का आयोजन वर्ष में 1 बार भले किया जाता है परंतु इसका मुख्य उद्देश्य प्रति दिन लोगो को योग से जोड़ने का है.इस दौरान उन्होंने सभी जिले वासियों से प्रति दिन योग करने की भी अपील की।

जला आयुष पदाधिकारी डॉक्टर परमहंस प्रसाद ने जानकारी दी कि प्रतिदिन आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में योगाभ्यास नियमित रूप से करवाया जाता है। स्थानीय लोग अपने निकटतम सेंटर में जाकर भी प्रति दिन योगाभ्यास कर सकते है।

## दो गुटों में वर्चस्व की लड़ाई में छह से ज्यादा लोग घायल

**झामुमो के जिला सह सचिव सहित सात गिरफ्तार, भेजे गए जेल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के डहुडडगांव के पास मंगलवार रात लगभग7.50 बजे दो पक्ष अजमल खान उर्फ मंटू गुट एवं शकील खान के गुट के बीच खूनी संघर्ष हो गया। दोनों गुटों में पूर्व से ही चल रहे विवाद को लेकर हुई वर्चस्व की लड़ाई इतनी हिंसक हो गई कि वहां हुई तलवारबाजी में छह लोग घायल हो गए। जिसमें दो की स्थिति काफी गंभीर है। दोनों पक्षों के 20 से ज्यादा लोगों के बीच जमकरलाठी-डंडे और तलवारें चलीं। कुछ लोगों ने यह भी बताया कि इस झड़प के दौरान पिस्टल भी लहराया जा रहा था। इस घटना में छह से अधिक लोग घायल हो गए। जिसमें कलीमुल्लाह खान एवं नजीमुल्लाह खान की गंभीर स्थिति को देखकर गुमला रेफर किया गया, जहां से दोनों घायलों को रांची रेफर कर दिया गया। दोनों की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है। यह मामला अजमल खान व शकील खान के बीच वर्चस्व की लड़ाई का है। शकील खान झामुमो का जिला सह सचिव के पद पर हैं। साथ ही चैनपुर प्रखंड बीस सूत्री सदस्य भी हैं। `शकील खान के घर से ही घटना में प्रयुक्त हथियार को भी बरामद किया गया है। इन दोनों का गुट अपने-अपने इलाके में वर्चस्व कायम करना चाह रहे थे। इस मामले को लेकर पुलिस अभी तक सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। घटना में संलिप्त और दो लोग जिसमें गुल मोहम्मद खान, पिता वकील खान एवं जाफिर खान पिता यासीन खान की पुलिस तलाश कर रही है। इधर खूनी संघर्ष होने के बाद दोनों पक्षों के द्वारा राजनीतिक स्तर पर सहयोग के लिए लाव लश्कर घंटों तक चली। चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र में भी दोनों पक्षों में काफी देर तक तू तू मैं मैं होती रही। पुलिस ने सूझबूझ के साथ एक पक्ष के घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया। वहीं दूसरे पक्ष के घायलों को चैनपुर बस स्टैंड स्थित लाइफलाइन हॉस्पिटल में उपचार कराया गया। वहीं पुलिस देर रात से ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। घटनास्थल से भागने के क्रम में फरीद खान को एक मोटरसाइकिल तथा तलवार के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। तत्पश्चात इलाज के उपरांत वादी के बयान के आधार पर आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए इस घटना के प्राथमिक अभियुक्त शकील खान, सद्दाम खान, फरदीन खान को भागने के क्रम में कुरुंद मोड़ कुरुमगढ़ से गिरफ्तार किया गया। पुनः छापेमारी के क्रम में प्राथमिक अभियुक्त शरीफ खान एवं इश्तियाक खान को चैनपुर के हुकडा पहाड़ के पास से एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। अन्य प्राथमिक अभियुक्त सज्जाद खान को भागने के क्रम में अपना इलाज कराते हुए चैनपुर लाइफलाइन अस्पताल से गिरफ्तार किया गया। वहीं फरीद खान उर्फ मंगरा पिता स्व. शेर मोहम्मद को भागने के क्रम में गिरफ्तार किया गया है।



## गुलशन मुंडा मौत मामले में पुलिस ने माइंस के फोरमैन को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही है छापामारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड के गुरदरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाडीह बॉक्साइट माइन्स में विस्फोट के दौरान कोरकोट पाठ निवासी 30 वर्षीय गुलशन मुंडा की मौत के मामले में गुरदरी पुलिस ने जवाडीह माइंस के फोरमैन मैनेजर सिंह को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी सदानंद सिंह के द्वारा बताया गया कि पिछले 15 जून को जवाडीह बॉक्साइट माइंस में माइंस ऑनर विकास सिंह, फोरमैन साबिर हुसैन, माइनिंग मेट मैनेजर सिंह, मुंशी गुड्डू मुंडा के द्वारा ट्रक लोडर मजदूर गुलशन मुंडा से माइंस में ब्लास्ट कराया जा रहा था। उसी दरमियान गुलशन मुंडा ब्लास्ट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद चारों आरोपी के द्वारा मामले को छुपाते हुए प्रशासन को गुमराह कर शव को लोहरदगा ले जाकर वहां सड़क दुर्घटना बताकर प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद पोस्टमार्टम कराते हुए मामले को दूसरा रूप देने का प्रयास किया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि घटना के आरोपी माइनिंग में मैनेजर सिंह लोहरदगा में छुपा हुआ है। जिसके आधार पर लोहरदगा से आरोपी मैनेजर सिंह को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### नेहरू युवा केंद्र गुमला ने मुरकुंडा स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** नेहरू युवा केन्द्र संगठन, गुमला द्वारा +2 उच्च विद्यालय, मुरकुण्डा, गुमला के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शीखा दिपांजली तिर्की, प्रभारी प्राचार्य द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर तथा स्वामी विवेकानन्दजी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तिर्की ने कहा कि आज के भाग-दौड़ के जिंदगी में योग करना अति आवश्यक हो गया है। योग के द्वारा ही हमलोग मन तथा तन को स्वस्थ रख सकते हैं। मौके पर उपस्थित मुरकुण्डा पंचायत के मुखिया वीणा कुमारी ने कहा कि आज के व्यस्त जिंदगी में कई तरह के बीमारी हो रही है। जिसको हम योग के द्वारा ही दूर कर सकते हैं। पतंजलि परिवार की योग शिक्षिका कंचन कुमारी एवं नेहा कुमारी उपस्थित थे। सभी प्रतिभागियों को ॐ उच्चरण के साथ योगा प्रारंभ किया। दूसरी ओर नेहरू युवा केन्द्र संगठन, गुमला तथा सुशीला आयुष मिशन सीबीओ गुमला के सहयोग से जिले के रायडीह तथा चैनपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में योग कार्यक्रम किया गया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक सुरेन्द्र कुमार गुप्ता के द्वारा विभिन्न गांवों में योग कराकर योग से होनेवाले लाभों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक कुमार साहू पूर्व रा. सेवा कोर, अमन दास, रा. सेवा कोर, रानी साहिबा, रीना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, शिवांगी कुमारी, दिगम्बर सिंह, आदित्य हाजाम एवं दिनेश्वर खड़िया का योगदान सराहनीय रहा।

### प्रभात भ्रमण ग्रुप ने योग दिवस पर निकाली प्रभात फेरी, कराया योग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर के प्रभात भ्रमण ग्रुप द्वारा अजय राणा की अगुवाई में स्थानीय परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम से प्रभात फेरी निकाली गई। साथ ही सदैव स्वस्थ रहने की संकल्पना के साथ योग किया गया। मौके पर ग्रुप के संजय महापात्र द्वारा योग की महत्ता को बतलाते हुए नित्य प्रतिदिन योग करने की नसीहत दी गयी। योग कार्यक्रम में नगर के अजय सिन्हा, सुधांशु मिश्र, विपिन गुप्ता, बंटी साबू, अजय जी, बबलू जी, नेल्सन भगत, अजय साहू, प्रेमचंद साहू, पूजा कुमारी, आरती कुमारी, संध्या कुमारी, दीप्ति कुमारी आदि उपस्थित थे।

### हिंडालको सीएसआर अंतर्गत मडुआ एवं गोंदली बीज का किया गया वितरण



**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** कुजाम के भंडार वाले क्षेत्र में खनन के बाद जमीन को समतली करके हिंडालको सीएसआर द्वारा गोंदली एवं मडुआ की खेती के लिय लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कुजाम के 50 एकड़ जमीन पर गोंदली एवं मडुआ की खेती के लिये बीज का वितरण किया गया। चोटंगपाट के 30 महिलाओं के द्वारा सामूहिक खेती के लिय 10 एकड़ भूमि का चयन किया गया है, जहां जनजातीय समुदाय के महिलाओं के द्वारा सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण के लिय मडुआ एवं गोंदली की खेती करके जहां एक तरफ अत्यधिक पोषण तत्व से युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध होगी। वहीं दूसरी तरफ मोटे अनाज की खेती करने में किसानों को कम लागत आएगी और उन्हें मुनाफा अधिक होगा। कार्यक्रम में संजय यादव, सुधीर मिश्रा, सुनील चौधरी, सोमरा असुर, किरण , फागनी के साथ ग्रामीण उपस्थित हुए।

### तुकई गांव में सांसद सुदर्शन भगत के प्रयास से लगा नया ट्रांसफॉर्मर

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुकई गांव में सांसद सुदर्शन भगत के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया जिसका उद्धघाटन भाजपा कार्यकर्ता पंडित शीतल चक्रवती ने फीता काट कर किया।मालूम हो कि तूकई गांव का ट्रान्सफार्मर बिगत 15 दिनों से खराब था।सुदर्शन भगत की इस पहल से ग्रामीणों में खुशी है।मौके पर लखन सिंह सकलदीप सिंह मधु सिंह कुलदीप सिंह सूरज सिंह संतोष सिंह मुकेश सिंह शीतल चक्रवर्ती तपेश्वर सिंह तिलक सिंह रमेश सिंह शिवकुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### हत्या के मामले में दो आरोपी दोषी करार, सजा के बिंदु पर सुनवाई 27 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में बुधवार को रायडीह थाना क्षेत्र के पारा सीमा गांव निवासी बाऊ मुंडा व शिव मुंडा को कमल एक्का के हत्या के मामले में दोषी पाया गया है। जिसकी सुनवाई 27 जून को होगी। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से अपर लोग अभियोजक मोहम्मद जावेद हुसैन ने पैरवी किया। घटना सात नवंबर 2017 है। घटना के दिन पारा सीमा गांव के चार युवक क्रमशः दाऊद इब्राहिम एक्का, नीलेश बाड़ा, कमल एक्का व इसाक तिर्की अपनी बाइक में सवार होकर लूंगा गांव स्थित मरियानुस कूजूर के घर शराब पीने गए हुए थे। जहां पहले से दो युवक कपोडीह चापाटोली निवासी छोटु मुंडा व शिव मुंडा शराब पी रहा था तभी कमल एक्का दोनों से बात करने लगा। जिसके बाद दोनों शराब पीकर वहां से निकल गये। इसी दौरान शाम करीब छह बजे उपरोक्त चारों लोग शराब पीकर जब बाइक से अपने घर की ओर लौटने लगे तो एक किमी दूर पहुंचने पर रास्ते में घात लगाकर बैठे बाऊ मुंडा व शिव मुंडा ने उन्हें घेर लिया। साथ ही बाइक रुकवाकर चारों के ऊपर टांगी, बलुआ से हमला कर दिया। इस बीच हमले से बचकर दाऊद भाग निकला। इसके बाद वह गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। जिसके बाद ग्रामीण भागकर घटनास्थल पहुंचे। तब देखा कि नीलेश, कमल व इसाक घायल हैं, जबकि आरोपी वहां से भाग निकले हैं। इसके बाद ग्रामीणों ने तीनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने कमल को मृत घोषित कर दिया। जबकि नीलेश व इसाक को रिम्स रेफर कर दिया गया था। इधर घटना के बाद भाग कर जान बचाने वाले दाऊद के बयान पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज करते हुए दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया था।

## कार्यक्रम : बिरसा मुंडा पुस्तकालय में दो घंटे का कैरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित

# उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं की शंकाओं का सहज वातार्लाप से किया समाधान

**प्रतियोगी परीक्षा युद्ध की तरह है, जो आखिर तक टिका रहेगा वही सफलता का स्वाद चखेगा : उपायुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पिछले माह आरंभ हुए बिरसा मुंडा पुस्तकालय में आज विशेष कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव उपस्थित रहे। अपर समाहर्ता श्री सुधीर कुमार गुप्ता की पहल से आयोजित हुए इस विशेष सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रशिक्षु आईएएस आशीष गंगवार की भी मौजूदगी रही।

इस कैरियर काउंसलिंग सत्र के दौरान उपायुक्त ने प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को सहज भाव में अभिप्रेरित करते हुए उनकी विभिन्न शंकाओं का समाधान किया। प्रतियोगी छात्रों ने अपने मन में उठने वाले विभिन्न प्रश्नों को एक-एक कर रखा, जिसे उपायुक्त सुशांत गौरव के द्वारा क्रमबद्ध तरीके से समझाया गया। छात्रों के कई प्रश्नों का जवाब प्रशिक्षु आईएएस आशीष गंगवार ने भी दिया।

इस दौरान ज्यादातर छात्रों ने यूपीएससी परीक्षा से जुड़े प्रश्नों को रखा, साथ ही अधिकारियों से उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि, उनकी परीक्षा रणनीति, वैकल्पिक विषय आदि से जुड़े व्यक्तिगत प्रश्न भी पूछे, जिसे सरल अंदाज में अधिकारियों को द्वारा उत्तर दिया गया।



उपायुक्त ने कहा कि यूपीएससी जैसी बड़ी परीक्षा में कभी भी रटे रटाए नोट्स का प्रयोग न करें, अपने खुद की मेहनत से नोट्स तैयार करें, अपनी कमजोरियों और अपनी क्षमताओं को पहचानें तथा ऋणात्मक परिवेश से प्रभावित न हों। उन्होंने कहा कि आशा ही सबसे अच्छी रणनीति है, इसलिए अपने लक्ष्य के प्रति आशान्वित रहें और अंत तक टिके रहें। कहा कि सफल वही होता है जो आखिर तक टिका रहता है। कुछ छात्रों ने उपायुक्त से 'पीएम अवार्ड मिलने पर कैसा लगा?' जैसे प्रश्न भी पूछे।

इस दौरान छात्रों ने कहा कि इस पुस्तकालय से मानों उनके सपने पूरे होते दिख रहे हैं, उनके लिए यह पुस्तकालय महज पुस्तकों का संग्रह नहीं बल्कि यह कैरियर मेकिंग सेंटर की तरह भूमिका निभा रहा है।

आशीष गंगवार ने कहा कि उन्हें पूरी आशा है कि इस पुस्तकालय से तैयारी करने वाले कई छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होंगे, और तब इसके बाद चेन रिएक्शन की तरह जिले भर के अन्य बच्चे भी प्रेरणा लेकर सफल होंगे।

इस विशेष सत्र में अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता, नगर परिषद प्रशासक संजय कुमार, अंचल अधिकारी कुशल मुंडू तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशिनी केरकेट्टा की भी मौजूदगी रहीं।

## तेली साहू महासंगठन प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 2 जुलाई को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के निलेश कम्पलेक्स में 02 जुलाई को राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की प्रदेश कार्यसमिति बैठक आयोजित की गई है। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महासंगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू मुरारी गुप्ता की उपस्थिति रहेगी। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष, कार्यकारी जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री एवं प्रदेश कार्यसमिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यगण आमंत्रित किये गये हैं। बैठक में पूर्व कार्यों की संक्षिप्त समीक्षा, संगठन के पुनर्गठन करने हेतू वर्तमान समिति को भंग करने पर विचार आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चचाएं की जाएंगी।

